परिपत्र - बायोफैक इंडिया, 2026

संदर्भ संख्या: APEDA-ORGP/3/2026-ORGP
दिनांक: 17/03/2026

आदरणीय महोदय/महोदया,

बायोफैक इंडिया जैविक उद्योग का एक प्रमुख इवेंट है, जो निर्यातकों को वैश्विक खरीदारों और शीर्ष भारतीय निर्यातकों के समक्ष अपने जैविक उत्पादों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह समग्र प्रदर्शनी जैविक खाद्य उत्पादों के सर्वश्रेष्ठ संग्रह को एक साथ लाती है और एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करती है।

जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु इस इवेंट की संभावना को ध्यान में रखते हुए, एपीडा बायोफैक इंडिया 2026 में अपनी भागीदारी आयोजित कर रहा है। जिसका आयोजन **06 अगस्त से 08 अगस्त 2026 तक इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल), ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर** में किया जाएगा।

एपीडा द्वारा इस भागीदारी हेतु 2000 वर्ग मीटर स्थान आरक्षित किया गया है। एपीडा पवेलियन को सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया जाएगा और वैयक्तिक सुसज्जित स्टालों का आवंटन 9 वर्ग मीटर के गुणकों में किया जाएगा। आयोजन में भागीदारी हेतु अनुरोध केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक निर्यातकों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करें और अपनी भागीदारी की पुष्टि भेजें। सुसज्जित स्टाल (प्रति 9 वर्ग मीटर) का शुल्क विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**आवेदक का प्रकार**	**प्रति 9 वर्ग मीटर का शुल्क (राशि रु. में)**	**जीएसटी राशि**	**कुल**
1	निर्यातक, निजी प्रमाणीकरण निकाय, प्रयोगशालाएं	रु. 1,00,000/-	रु. 18,000/-	रु. 1,18,000/-
2	महिला निर्यातक, अनुसूचित जाति/जनजाति, एफपीओ, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निर्यातक	रु. 35,000/-	रु. 6,300/-	रु. 41.300/-
3	राज्य सरकार/राज्य सरकार के प्रमाणीकरण निकाय/केंद्र सरकार की एजेंसियां	रु. 45,000/-	रु. 8,100/-	रु. 53,100/-

भागीदारी हेतु प्राप्त अनुरोधों पर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक नीचे दिया गया है:

https://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=58483158

इस इवेंट में एपीडा की भागीदारी के दौरान एक क्रेता विक्रेता बैठक (बीएसएम) भी आयोजित करने का प्रस्ताव है जहां लगभग 30 अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों को आमंत्रित किया जाएगा।

किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया सुश्री सेहरीन मकबूल, सहायक प्रबंधक, एपीडा (ईमेल आईडी: sahreena@apeda.gov.in), श्री जितिन ग्रोवर, एसोसिएट, एपीडा (ईमेल आईडी: ascteagribiz1@apeda.gov.in), श्री

वोहैब आलम, व्यवसाय विकास प्रबंधक, एपीडा (ईमेल आईडी: yppr@apeda.gov.in) और श्री मयूर शंभार्कर, व्यवसाय विकास प्रबंधक, एपीडा (ईमेल आईडी: consaep3@apeda.gov.in) से संपर्क करें।

इस प्रयास में आपकी भागीदारी वैश्विक जैविक बाजार में जैविक क्षेत्र की पहुँच और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

भवदीया,

विनीता सुधांशु
(महाप्रबंधक)

*किसी भी भ्रांति की स्थिति में अंग्रेजी को वरीयता दी जाएगी।